some minor amendments to conform to the proposals agreed upon at the Conference. These are under consideration of the Government. There is, however, no information regarding the action taken by other Commonwealth countries in this behalf.

The recommendation to set up a Legal Section in the Commonwealth Secretariat is to be submitted to the forthcoming Commonwealth Prime Ministers' Conference.

**वर्षा न होने का बुवाई पर असर**

1691. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :** क्या **खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन राज्यों में वर्षा न होने के कारण इस वर्ष बुवाई नहीं की जा सकी ;

(ख) इन सूखा-ग्रस्त क्षेत्रों में पानी की कमी को पूरा करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) किन-किन राज्यों में इस वर्ष अब तक बाढ़ों द्वारा फसलों को क्षति पहुंची है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री श्यामधर मिश्र) :** (क) से (ग). पूछी गई सूचना राज्य सरकारों से इकट्ठी की जा रही है और उन सभी से मिलते ही सभा के पटल पर रख दी जायेगी ।

**चारे का विकास**

1692. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :**
**श्री रिशांग किशिंग :**
**श्री लिंग रेड्डी :**
**श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**

क्या **खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ऐसे कौन-कौन से राज्य हैं जिन्होंने चारे का विकास करने के लिए आदर्श (माडल) योजनायें तैयार की हैं ;

(ख) किन कारणों से ये योजनायें पूरी तरह से क्रियान्वित नहीं की जा सकीं ; और

(ग) देश में चारे की कमी की वर्तमान स्थिति क्या है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शिन्दे) :** (क) नागालैंड को छोड़ कर समस्त राज्य तथा हिमाचल प्रदेश, त्रिपुरा व मणिपुर के संघ क्षेत्र ।

दाने चारे के विकास की मार्गदर्शी योजना की मुख्य बातें निम्न प्रकार हैं :—

(1) राज्यों तथा संघ क्षेत्रों में चारे-विकास के संगठन को सुदृढ़ करना ।

(2) कृषकों के अपने खेतों में चारे की खेती के विषय में प्रदर्शनों की व्यवस्था करना ।

(3) कृषकों में चारे व घास की फसलों के बीज व अन्य पौध सामग्री का कम मूल्य पर वितरित करना ।

(4) राज्य फार्मों में चारे के उत्पादन व चरागाह प्रबन्ध में सुधार करना ।

(5) गांवों की चरागाहों में चरागाह प्रदर्शन प्लाटों की स्थापना करना ।

(6) प्राइवेट भूमि पर चरागाह प्रदर्शन प्लाटों की स्थापना करना ।

(7) चुने हुए पशुओं की सहाय्य प्राप्त मूल्य पर चराई द्वारा

सन्तुलित राशन को लोकप्रिय बनाना

(8) 'सिलो पिटस' के निर्माण में सहायता करके हरे चारे की तैयारी के कार्य को लोकप्रिय बनाना ।

(9) कुट्टी की मशीन के प्रयोग को लोकप्रिय बनाना ।

(10) चारें कें विषय में प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना करना ।

(ख) इस कार्यक्रम के लिए कम धन का उपबन्ध होना तथा सीमित कृषि क्षेत्र से खाद्यान्नों तथा नकदी की फसलों के अधिक उत्पादन के लिए आपस की होड़ के कारण कृषकों द्वारा इस कार्यक्रम में कम दिलचस्पी लेना ।

(ग) अधिकांश राज्यों में मानसून शुरू हो जाने के कारण अब चारे की कमी अनुभव होने की कोई सम्भावना नहीं है ।

**कृषि स्नातकों की सेवाओं का उपयोग**

1693. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :** क्या खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इस बात की ओर दिलाया गया है कि कृषि स्नातकों की सेवाओं का उपयोग कार्यालयों में किया जा रहा है और खेतों में नहीं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) स्थिति में सुधार करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री श्यामधर मिश्र) :**(क) से (ग): हमारे देश में कृषि स्नातकों को कई प्रकार के सुअवसर प्राप्त होते हैं । जो कृषि विस्तार के क्षेत्र में या प्रयोगशालाओं में कार्य करते हैं उन्हें खेतों से सम्बन्ध रखना पड़ता है । कृषि स्नातक आमतौर पर साधारण क्लर्की या सचिवालय के कार्य को नहीं अपनाते । फिर भी वैज्ञानिक संगठनों में ऐसे पद हैं जहां कृषि स्नातकों को योजनायों तथा अन्य लिखने के कार्य का तकनीकी निरीक्षण करना होता है । तुलनात्मकरूप में ऐसे लोग थोड़े होते हैं । इसलिये यह कहना बिल्कुल सही नहीं है कि कृषि स्नातकों की सेवाओं का उपयोग कार्यालयों में किया जा रहा है और खेतों में नहीं ।

**Supply of Foodgrains and Milk Powder by CARE in Madhya Pradesh**

1694. **Shri Kindar Lal:**
**Shri Vishwa Nath Pandey:**

Will the Minister of **Food, Agriculture, Community Development and Cooperation** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the United States Relief Organisation, CARE, has distributed foodgrains and milk powder for children in Madhya Pradesh recently; and

(b) if so, the total quantity of foodgrains and milk powder distributed so far?

**The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Govinda Menon):** (a) Yes.

(b) Foodgrains—2728.9 tonnes.
Milk Powder—2447.4 tonnes.

**Hungarian Government's Gift of Baby Food**

1695. **Shri Kindar Lal:**
**Shri Vishwa Nath Pandey:**

Will the Minister of **Food, Agriculture, Community Development and Cooperation** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that first consignment of baby food was handed over as a gift by the Hungarian